**न्यायालय अपर सिविल जज (सी०डि०)/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट सं०-3 गाजियाबाद।**

विविध वाद संख्या-997/2025
ब्रजराग गिरी बनाम अज्ञात
थाना विजयनगर
रजि० 5021/2022

दिनांक 12.09.2025

पत्रावली पेश हुई। बार बार पुकार करायी गयी। कोइ उपस्थित नही है।

पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि उक्त मुकदमा वादी द्वारा अभियुक्त अज्ञात के विरूद्ध योजित कराया गया है। प्रस्तुत प्रकरण में वादी को नोटिस प्रेषित की गयी परन्तु वादी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही है।

उक्त प्रकरण में अन्तिम आख्या इस आधार पर प्रस्तुत की गयी है कि अब तक की तमामी विवेचना नकल चिक, नकल रपट, बयान वादी, बयान गवाह, निरीक्षण घटनास्थल व पतारसी सुरागरसी व आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किये गये कोई जानाकारी नहीं हो सकी। मुकदमा उपरोक्त को अधिक समय तक चलाया जाना न्यायहित में नहीं है। अतः मुकदमा उपरोक्त में अज्ञात मुल्जिमान की पतारसी सुरागरसी जारी रखते हुए, मुकदमा उपरोक्त की विवेचना साक्ष्य के अभाव में द्वारा अन्तिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी है।

वादी की ओर से आज तक प्रकरण में प्रस्तुत अन्तिम आख्या पर कोइ आपत्ति प्रस्तुत नही की गयी है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों में अब प्रकरण को लम्बित रखना उचित नही है।

अतः प्रकरण में प्रस्तुत अन्तिम आख्या उपरोक्त तथ्यों, परिस्थितियों एवं अनापत्ति की दशा में स्वीकार किये जाने योग्य है। तद्नुसार सम्बन्धित थाने से उक्त प्रकरण में प्रेषित अन्तिम आख्या (एफ. आर.) संख्या 01 दिनॉकित 28-03-2022 स्वीकार की जाती है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(संजय सिंह-II)
अपर सिविल जज (सी०डि०)/
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट सं०-3,
गाजियाबाद।
Jo code-UP2140